




नवभारत
भोपाल, शनिवार, 25 अप्रैल, 2026


एक नजर में



### कठिन परिश्रम ही सफलता की कुंजी है : मेवाड़ा

**आष्टा.** कक्षा 10वीं और 12वीं के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इस मौके पर मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा उपस्थित रहे. बोर्ड परीक्षाओं में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले मेधावियों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया. मुख्य अतिथि मेवाड़ा ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में प्रतिस्पर्धा कठिन है, लेकिन निरंतर परिश्रम और सही मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है. विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों का भी विशेष सम्मान किया गया। संस्था के शिक्षकों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगामी चुनौतियों के लिए प्रेरित किया.



### जल चौपाल में ग्रामीणों को बताया पानी का महत्व

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत उद्यानिकी विभाग द्वारा जल प्रबंधन की उचित व्यवस्था एवं जल के समुचित उपयोग के लिए किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से ग्राम रामदासी में जल चौपाल का आयोजन किया गया. जल चौपाल में किसानों को फसलों में उचित जल प्रबंधन एवं जल के समुचित उपयोग की जानकारी व और ड्रिप तथा स्प्रिंकलर का उपयोग करने की सलाह दी गई.



### विश्व पुस्तक दिवस पर विद्यार्थियों को बताई उपयोगिता

**सीहोर.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई. प्राचार्य डॉ रोहिताश्व कुमार शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकों का महत्व एवं उनकी उपयोगिता समझाना था, ताकि उनका बौद्धिक एवं नैतिक विकास तेजी से हो. इस अवसर पर सुश्री मेघा लुटारे, सुश्री श्रद्धा राठौड़, कमल किशोर कुशवाह सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित थे.




### ऊर्जा और पर्यावरण की वर्तमान स्थिति पर व्याख्यान

**सीहोर.** श्री सत्य साई यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेज़ में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिवस का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का आयोजन कुलपति प्रो. डॉ. मुकेश तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया. मुख्य वक्ता डॉ. गौरव द्विवेदी, सहायक प्राध्यापक ने भारत में ऊर्जा और पर्यावरण की वर्तमान स्थिति विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया. उन्होंने ऊर्जा संसाधनों के सतत उपयोग, पर्यावरण संरक्षण और भविष्य की चुनौतियों पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. राजेश शर्मा, डीन इंजीनियरिंग डॉ. राजेंद्र कुशवाह, रिसर्च डायरेक्टर डॉ. मोहित गंगवार, डॉ. निलेश दिवाकर सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य उपस्थित रहे. कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. रंजीत कुमार पुसे एवं सह-समन्वयक डॉ. गीता खूबचंदानी तथा दीपक श्रीवास की सक्रिय भूमिका रही. अंत में ईसीई विभाग के सहायक प्राध्यापक देवेंद्र पटले द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया.




### नारी शक्ति के अपमान के विरोध में जलाया कांग्रेस का पुतला

**सीहोर.** शहर में नारी शक्ति वंदन बिल के समर्थन में बीजेपी महिला मोर्चा ने प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों के नेताओं का पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी की. इस मौके पर भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया था. जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, रीतू जैन, अलका चौहान, पंकज गुप्ता, राजेन्द्र राजपूत, सविता राठौर, अंजली विशाल चौरसिया, वंदना और तारा आदि बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता, पार्षद, भाजपा पदाधिकारी और क्षेत्रवासी शामिल थे. इस दौरान नारी शक्ति बिल का विरोध करने वाले नेताओं के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया. कार्यक्रम में मौजूद महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने कहा कि यह बिल महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, लेकिन विपक्षी दलों ने इसे रोककर अपनी महिला विरोधी सोच उजागर की है.

# भगवान भरोसे बसों में यात्रियों की सुरक्षा

## जांच के दौरान नियमों की अनदेखी आई सामने, यात्रियों की सुरक्षा के साथ सीधा खिलवाड़

- निरीक्षण के दौरान अनेक कमियां नजर आईं
- न फॉयर सेफ्टी के इंतजाम न वैध परमिट, ओवरलोडिंग भी

नवभारत न्यूज

**सीहोर 24 अप्रैल. जिले में संचालित यात्री बसों की हालत इन दिनों गंभीर चिंता का विषय बन गई है। जहां एक ओर भीषण गर्मी का दौर चल रहा है और आगजनी की घटनाओं का खतरा बढ़ गया है, वहीं दूसरी ओर बसों में यात्रियों की सुरक्षा के इंतजाम सिर्फ कागजों तक सिमटकर रह गए हैं. हाल ही में यातायात विभाग द्वारा की गई सघन जांच में जो तस्वीर सामने आई, वह चौंकाने वाली ही नहीं बल्कि भयावह भी है.**




**सीहोर.** यातायात पुलिस द्वारा सघन वाहन चैकिंग अभियान चलाकर वाहनों के दस्तावेज व अग्निशमन यंत्रों की जांच की जा रही है.

हाल ही में यातायात अमले ने पांच यात्री बसों की जांच की, लेकिन इनमें एक भी बस ऐसी नहीं मिली जिसमें फायर सेफ्टी सिस्टम सही स्थिति में हो. कई बसों में लगे फायर एक्सटिंग्विशर एक्सपायर हो चुके थे, तो कुछ पूरी तरह निष्क्रिय पाए गए. हैरानी की बात यह रही कि कुछ बसों में तो फायर सेफ्टी उपकरण मौजूद ही नहीं थे. ऐसे हालात में अगर किसी बस में आग लगने जैसी आपात स्थिति बनती है, तो यात्रियों की जान बचाना बेहद मुश्किल हो सकता है.

जांच के दौरान नियमों की अनदेखी का एक और गंभीर मामला सामने आया. कई बसें बिना वैध परमिट के ही सड़कों पर दौड़ती पाई गईं. यह न सिर्फ कानून का उल्लंघन है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा के साथ सीधा खिलवाड़ भी है। यातायात अमले ने बस संचालकों और चालकों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपने वाहनों में फायर सेफ्टी सिस्टम को दुरुस्त करें और सभी जरूरी दस्तावेज पूरे रखें. बिना परमिट चल रही बसों पर भी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है.

हालांकि, जमीनी सच्चाई कुछ और ही कहानी बयां करती है. जांच और चेतावनी के बावजूद कई बसें बिना किसी सुधार के पहले की तरह ही सड़कों पर दौड़ रही हैं. इससे साफ जाहिर होता है कि न तो बस संचालकों को नियमों का डर है और न ही यात्रियों की सुरक्षा की कोई चिंता.

जिला मुख्यालय से प्रतिदिन करीब 250 से अधिक बसों का संचालन होता है. इनमें से कई बसें बेहद पुरानी और जर्जर हालत में हैं. इन बसों में न तो फर्स्ट एड बॉक्स उपलब्ध हैं और न ही स्पीड गवर्नर जैसी जरूरी सुरक्षा व्यवस्थाएं. श्यामपुर, इछावर और आगर मार्ग पर चलने वाली कई बसें तो ऐसी हैं जिनकी फिटनेस भी संदेह के घेरे में है.

इतना ही नहीं, आधुनिक सुरक्षा सुविधाएं जैसे सीसीटीवी कैमरे और जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम भी अधिकांश बसों में नदारद हैं. इन सुविधाओं की अनुपस्थिति यात्रियों की सुरक्षा को और भी कमजोर बना देती है.

कुल मिलाकर, सीहोर जिले में यात्री बसों की स्थिति एक बड़े खतरे की ओर इशारा कर रही है. जरूरत है कि प्रशासन केवल जांच और निर्देशों तक सीमित न रहकर सख्त कार्रवाई करे, ताकि यात्रियों का सफर सुरक्षित और भरोसेमंद बन सके. अभी के हालात को देखकर यही कहा जा सकता है कि यहां सफर करना कहीं न कहीं जोखिम उठाने जैसा है.

### नियमित जारी रहेगी चैकिंग

हमारे द्वारा अक्सर व नियमित चैकिंग अभियान चलाया जाता है. कमियां पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की जाती है और स्टाफ को यातायात नियमों का पालन करने की समझाईश भी दी जाती है. सभी बस चालकों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वह कागज पूरे रखें.

**बृजमोहन धाकड़,**
यातायात प्रभारी

### बस का फिटनेस और परमिट ही नहीं

जांच के दौरान एक दिलचस्प लेकिन चिंताजनक घटना भी सामने आई. जब यातायात अमले ने एक बस को रोका और चालक से दस्तावेज मांगे, तो उसके पास फिटनेस और परमिट से जुड़े कागजात नहीं थे. बाद में बस स्टाफ दस्तावेज लेकर आया. जब उनसे फायर सेफ्टी सिस्टम के बारे में पूछा गया तो उन्होंने लापरवाही भरा जवाब देते हुए कहा कि सर, इसका उपयोग तो हम करते नहीं हैं, शायद रखे-रखे गैस उड़ गई होगी, अब नया खरीद लेंगे. इस जवाब पर सूबेदार ब्रजमोहन धाकड़ ने उन्हें कड़ी फटकार लगाई और फायर सेफ्टी की अहमियत समझाई.

### नाबालिग का अपहरण करने वाला गिरफ्तार



**आष्टा.** पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत त्वरित कार्रवाई करते हुए एक 16 वर्ष 06 माह की नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर अपहरण के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है. जानकारी के अनुसार, 15 अप्रैल को फरियादी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री बिना बताए घर से कहीं चली गई है. पुलिस टीम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर बालिका की तलाश शुरू की. लगातार प्रयासों के बाद टीम ने इंदौर से नाबालिग बालिका को बरामद कर सकुशल परिजनों को सौंप दिया. बालिका ने बताया कि मोहल्ले का रहने वाला दिलीप उर्फ गोलू निवासी इंद्रा कॉलोनी उसे बहला-फुसलाकर इंदौर ले गया था, जहां उसने उससे विवाह कर लिया. पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी दिलीप उर्फ गोलू को भी गिरफ्तार कर लिया। वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है. इस पूरी कार्रवाई में निरीक्षक गिरीश दुबे, सहायक उप निरीक्षक जगदीश धुर्वे, आरक्षक अमन जाटव एवं आरक्षक मेहरवान परमार का योगदान रहा.

## बिना अनुमति खनन पर बोरिंग मशीन जब्त

नवभारत न्यूज

**भैरुंदा 24 अप्रैल.** पुलिस ने प्रशासन के नियमों के विरुद्ध बोरिंग मशीन से बोर करने वाले व्यक्ति पर की कार्यवाही कर करते हुए बोरिंग मशीन जब्त की है.

गौरतलब है कि अल्पवर्षा को देखते हुए प्रशासन द्वारा जिले को सूखाग्रस्त घोषित किया गया है. इसी तरह निजी नलकूप खनन पर भी प्रतिबंध लगाया गया है. इसके बाद भी लोगों द्वारा आदेशों की अवहेलना करते हुए बोर खनन कराए जा रहे हैं. इसी तारतम्य में बीती रात गश्त के दौरान पुलिस को दुर्गा चौक के पास में डूडी काम्पलेक्स के अंदर एक बोरिंग मशीन बोर करती दिखी. बोर करने वाले व्यक्ति से उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम श्रवण पंवार पिता माखन सिहं पंवारनिवासी बजंरग कुटी गेट के पास भैरुंदा का होना बताया. जिससे बोर लगाने के संबध मे




वैध दस्तावेज एवं अनुमति चाही गई तो कोई अनुमति व वैध दस्तावेज होना नही बताया, जिसके द्वारा कलेक्टर के आदेश का उल्लंघन होना पाया गया. पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए बोरिंग मशीन वाहन पर लोडेड बोरिंग मशीन एवं अन्य मशीन जो सामान ढोंने का काम करती है जिसका वाहन जप्त किया गया और आरोपी श्रवण पंवार के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया है.

## व्यापारी के गोदाम में रखा मिला पीडीएस का चावल

- कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ने जब्त किया 23 क्विंटल चावल
- कार्रवाई के बाद जवाब देने से बचती रहीं संबंधित अधिकारी

नवभारत न्यूज

**आष्टा 24 अप्रैल.** कृषि उपज मंडी में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के चावल के अवैध भंडारण पर बड़ी कार्रवाई सामने आई है. कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुश्री मृगी अग्रवाल द्वारा की गई इस कार्रवाई में 23 क्विंटल चावल जब्त किया गया. हालांकि, कार्रवाई के बाद भी संबंधित अधिकारी का आधिकारिक पक्ष सामने नहीं आने से पूरे मामले में पारदर्शिता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं.

मंडी परिसर स्थित चेतन ट्रेडर्स, जिसके प्रोपराइटर रितेश जैन बताए जा रहे हैं, के गोदाम का निरीक्षण किया गया. जांच के दौरान वहां पीडीएस का चावल संदिग्ध परिस्थितियों में भंडारित



पाया गया. मौके पर मौजूद टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चावल जब्त किया और सैंपलिंग की प्रक्रिया कर वेयरहाउस में जमा कराया. अधिकारियों और स्टाफ ने गोदाम में रखी बोरियों की बारीकी से जांच की. प्रारंभिक तौर पर मामला पीडीएस चावल की संभावित कालाबाजारी से जुड़ा माना जा रहा है. हालांकि, इस संबंध में विस्तृत जानकारी अभी सामने नहीं आई है. सूत्रों के अनुसार क्षेत्र के अन्य इलाकों, बस स्टैंड और अलीपुर क्षेत्र में भी पीडीएस चावल की कालाबाजारी की चर्चाएं सामने आ रही हैं. प्रशासन भले ही पीडीएस खाद्यान्न की कालाबाजारी पर सख्ती के दावे कर रहा हो, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी का पक्ष सामने नहीं आने से कार्रवाई की पारदर्शिता पर सवाल उठना लाजमी है. अब देखना है कि इस मामले में आखिर क्या कार्रवाई होती है.

### जवाब से बचाव या व्यस्तता ?

जब कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मृगी अग्रवाल से उनका पक्ष जानने के लिए बार-बार संपर्क किया गया, तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया. ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि क्या अधिकारी मीडिया के सवालों से दूरी बना रही हैं या फिर किसी अन्य व्यस्तता के चलते प्रतिक्रिया नहीं दे सकी. इस कार्रवाई को लेकर कई सवाल अभी भी जवाब की प्रतीक्षा में हैं। जैसे यह कार्रवाई कब से योजना में थी, क्या पहले भी इस तरह की शिकायतें मिली थीं. मामले में कितने लोगों की भूमिका जांच के दायरे में आएगी.

### पुलिस बल के ठहरने हेतु भवन अधिग्रहित

**सीहोर.** कुबरेश्वर धाम पर 25 से 30 अप्रैल तक प्राण पतिष्ठा महोत्सव आयोजित किया जाएगा. इस आयोजन में देश भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है. महोत्सव के दौरान कानून व्यवस्था के लिए बड़ी संख्या में जिला बल, विसबल और पीटीएस बल की ड्यूटी लगाई गई है. कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बालागुरू के. के आदेशानुसार बल के ठहरने के लिए 23 से 30 अप्रैल तक जिले के कुछ संस्थानों के भवन अधिग्रहित किए गए हैं.

## कांग्रेस के शक्ति प्रदर्शन में आएंगे कई दिग्गज नेता

- शिवराज के गढ़ में 28 को आंदोलन करेगी कांग्रेस
- पूर्व मंत्री पटेल व जिलाध्यक्ष ने लिया तैयारियों का जायजा

नवभारत न्यूज

**बुधनी 24 अप्रैल.** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के गढ़ बुधनी में कांग्रेस ने बड़े आंदोलन की रणनीति तैयार कर ली है.

किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस 28 अप्रैल को बुधनी में व्यापक शक्ति प्रदर्शन करेगी. इस आंदोलन में पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी लगभग तय मानी जा रही है, जबकि नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की भागीदारी को लेकर अब भी संशय की स्थिति बनी हुई है. किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के अनुसार, आंदोलन में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी तथा पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा के शामिल होने की सहमति मिल चुकी है. वहीं, उमंग सिंघार के आने की संभावना भी जताई जा रही है. यदि सिंघार कार्यक्रम में



शामिल होते हैं, तो उनके तीखे तेवर एक बार फिर राजनीतिक माहौल को गर्मा सकते हैं. आंदोलन के आयोजन स्थल को लेकर कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल आज प्रशासन से मुलाकात करेगा.

### कूलर से लगा करंट युवक की मौत

**आष्टा.** थाना क्षेत्र अंतर्गत अंजनी नगर कालोनी निवासी 47 वर्षीय व्यक्ति की अपने घर में सोते समय कूलर का करंट लगने से मौत हो गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के अंजनी नगर कालोनी निवासी मनीष विश्वकर्मा आ. देवकरण बीती रात अपने घर में सो रहा था. जबकि उसकी पत्नी व बच्चे बाहर गए हुए हैं. बताया जाता है कि बीती रात वह अपने कमरे में कूलर के सामने सो रहा था. कूलर से करंट लगने से उसकी मौत हो गई. सुबह वह परिजनों को मृतावस्था में मिला तो उन्होंने पुलिस को सूचित किया. पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजते हुए मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है.

धार्मिक | छह दिन से जारी नगर भोज में अब तक 50 हजार भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की

## प्राण-प्रतिष्ठा के बिना प्रतिमा की पूजा रहती अधूरी : पं.कटारे

नवभारत न्यूज

**सीहोर 24 अप्रैल.** शहर के बस स्टैंड स्थित श्री हनुमान मंदिर समिति के तत्वाधान में भव्य श्री 21 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव एवं श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है. शुक्रवार को सुबह मंत्रोच्चार के साथ दिव्य अनुष्ठान किया गया. इसके बाद वैदिक मंत्रों के साथ मंगलाचरण हुआ। वहीं पूर्ण विधि-विधान के साथ प्राण-प्रतिष्ठा की गई.

अब शनिवार को यज्ञ संचालक श्री-श्री 108 पंडित दुर्गा प्रसाद कटारे बाबा के मार्गदर्शन में देव पूजन, हवन एवं पूर्णाहुति,



भंडारा, विदाई और मानस एवं संत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा. मंदिर समिति के अध्यक्ष रुद्रप्रकाश राठौर ने बताया कि विगत छह दिनों में समिति के द्वारा रात्रि को नगर भोज का आयोजन किया जा रहा है. इसमें 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की है, वहीं शनिवार को महा आरती के पश्चात दोपहर में भंडारे का आयोजन किया जाएगा. यज्ञ संचालक पंडित श्री कटारे बाबा ने बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा के बिना मूर्ति पूजा अधूरी मानी जाती है। यह प्रक्रिया ही मूर्ति को देवता बनाती है, प्राण-प्रतिष्ठा हिंदू धर्म में एक अत्यंत महत्वपूर्ण वैदिक अनुष्ठान है, जिसका अर्थ मंत्रोच्चार के माध्यम से निर्जीव मूर्ति में दिव्य जीवन शक्ति का संचार करना है. यह प्रक्रिया साधारण पाषाण प्रतिमा को जागृत देवता के रूप में परिवर्तित करती है, जिससे वह पूजा के योग्य बनती है. इसके बाद मूर्ति साक्षात ईश्वर का साकार रूप मानी जाती है, न कि केवल एक पत्थर. पांच करोड़ से अधिक की लागत का मंदिर शहर के मध्य है और क्षेत्रवासियों के सहयोग से निर्मित हुआ है. यहां पर नियमित रूप से धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन निरंतर किया जाएगा. यहां पर महोत्सव में सप्त दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन के अलावा मानस सम्मेलन, महाकाल मंडल रामलीला उज्जैन के द्वारा मंचन किया जा रहा है. प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर संपूर्ण बस स्टैंड क्षेत्र व जयंती कालोनी धर्ममय और भगवा रंग में रंगा नजर आ रहा है. मुख्य कार्यक्रम आज सम्पन्न होगा.


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा मनोज कुमार पटेल पुत्र प्रहलाद भाई बबल, शारदा खेरा पत्नि आर. के. खेरा निवासी सीहोर म.प्र. से उनके स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 214/ 2/ 1/ 4/ 4/2(S) रकबा 0.405 है0 यानि 1.00 एकड़ भूमि जो कि ग्राम तकीपुर तहसील व जिला सीहोर म0प्र0 में स्थित है। जिसको मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने का सौदा तय किया जा रहा है। और भूमि पर किसी व्यक्ति का कोई बकाया देय शेष हो या उक्त भूमि के विक्रय समव्यवहार से किसी व्यक्ति को कोई आपत्तियां हो तो वह अपनी आपत्तियां मय लेखी प्रमाण के इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे समक्ष प्रस्तुत कर देवें। बाद म्याद मेरा पक्षकार उपरोक्त भूमि का विधिवत विक्रय पत्र संपादित करा लेवेगा. इसके बाद कोई भी आपत्ति या दावा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी व मान्य नहीं होगा।

सर्वसाधारण को सूचित होवे।

**राजेन्द्र सिंह परिहार एडवोकेट**
**तहसील परिसर सीहोर म.प्र.**
**मो.-9755456763**